# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

पुराने कागजातों की लुग्दीकरण कर बिक्री हेतु

**पुनः अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

1. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के अव्यवहृत/अनुपयोगी प्रश्न पुस्तिका, उत्तर–पुस्तिका, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र एवं अन्य अव्यवहृत/अनुपयोगी कागजातों के लुग्दीकरण कर बिक्री हेतु निबंधित प्रतिष्ठान, जिन्हें इसका अनुभव है, से मुहरबंद निविदा आवेदन आमंत्रित की जाती है।
2. पूर्ण रूप से भरा गया निविदा प्रपत्र ''ख'' (वित्तीय) अलग सील्ड लिफाफा में रक्षित करते हुए एवं पूर्ण रूप से भरा गया तकनीकी निविदा प्रपत्र ''क'' सभी वांछित कागजातों के साथ एक अन्य अलग सील्ड लिफाफा में रक्षित करने के उपरांत उक्त दोनों सील्ड लिफाफा को एक बड़े सील्ड लिफाफा में डालकर सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से हाथों–हाथ/डाक/निबंधित डाक/स्पीड–पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजे कि वह **दिनांक 26.07.2024** के अपराह्न **05:00** बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाये।
3. सील्ड लिफाफा के ऊपर ''अव्यवहृत प्रश्न पुस्तिका, उत्तर–पुस्तिका, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र एवं अन्य अनुपयोगी कागजातों की लुग्दीकरण एवं बिक्री हेतु निविदा'' अवश्य अंकित करें।
4. ''उक्त अव्यवहृत/अनुपयोगी कागजातों का अवलोकन कार्यालय अवधि में **दिनांक–24.07.2024** तक 15, नेहरू पथ, पटना स्थित आयोग कार्यालय में किया जा सकता है।
5. सफल निविदादाता (H-1) द्वारा उक्त कागजातों को श्रेडिंग/लुग्दीकरण कराकर उठाव किया जायेगा। श्रेडिंग/लुग्दीकरण करने के लिए मशीन निविदादाता को अपने खर्च पर आयोग कार्यालय में लाना होगा तथा अपने खर्च पर आयोग परिसर में विधिवत तौल कराकर लुग्दीकरण/श्रेडिंग कराकर, बोराबंदी कराना होगा।
6. निविदा आवेदन के साथ अद्यतन पिछले तीन वितीय वर्षों का आयकर रिटर्न, तीन वितीय वर्षों का GST रिटर्न, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र (काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित Notarized Affidavit) संलग्न करना आवश्यक होगा।
7. निविदा आवेदन के साथ अग्रधन की राशि **रू० 1,00,000/–** का सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से पटना में भुगतेय बैंक–ड्राफ्ट संलग्न करना आवश्यक होगा।
8. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा आवेदनों को **दिनांक–29.07.2024** को पूर्वाह्न **11:30** बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। **उक्त कागजातों का न्यूनतम बेसप्राईस रू0 30.25/– प्रति किलोग्राम निर्धारित है।** उच्चतम दर उपलब्ध कराने वाले निविदादाता के द्वारा सम्पूर्ण कागजातो की विधिवत तौल स्वयं के खर्च से कराकर पूर्ण राशि के भुगतान उपरांत आदेश प्राप्ति के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर श्रेडिंग/लुग्दीकरण के पश्चात आयोग कार्यालय से कार्यालय अवधि में उठाव करना होगा। बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को एक या सभी निविदा आवेदनों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. इच्छुक निविदादाता/प्राधिकृत व्यक्ति निविदा प्रकाशन के उपरांत **दिनांक 23.07.2024** को पूर्वाह्न **11:30** बजे आयोग कार्यालय में आयोजित Pre-Bid Meeting में भाग ले सकते हैं।
10. निविदा प्रपत्र–''क'' एवं ''ख'' **दिनांक–25.07.2024** तक कार्यालय अवधि में आयोग कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र को आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

19/7/24

सचिव

बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।

दूरभाष संख्या–2215187

# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## पुराने कागजातों की लुग्दीकरण कर बिक्री हेतु पुनः निविदा आमंत्रण सूचना

आयोग कार्यालय में रक्षित विभिन्न परीक्षाओं के अव्यवहृत प्रश्न–पत्रों/प्रश्न–पुस्तिकाओं/उत्तर–पुस्तिकाओं/OMR/आवेदन पत्रों तथा अन्य अनुपयोगी कागजातों की लुग्दीकरण कर बिक्री निविदा के माध्यम से की जानी है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म निविदा आवेदन **सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना** को सील्ड लिफाफा में हाथों–हाथ/डाक/निबंधित डाक/स्पीड–पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक **26.07.2024** के अपराह्न **05:00 बजे** तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाय। प्राप्त निविदाओं को दिनांक **29.07.2024** के पूर्वाह्न **11:30 बजे** आयोग कार्यालय में खोला जायेगा। उक्त कागजातों का न्यूनतम बेस प्राईस रू0 **30.25**/– प्रति किलोग्राम निर्धारित है। उक्त से संबंधित पूर्व प्रकाशित निविदा के आलोक में जिन फर्मों द्वारा निविदा आवेदन जमा कर दिया गया है उन्हें पुनः निविदा आवेदन जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

19/7/24

सचिव
बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।
दूरभाष संख्या–2215187